दिनांक 14 मई 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

शारदा पारा के कुष्ठ कॉलोनी में भिलाई निगम ने आधार सेवा के लिए लगाया शिविर, कुष्ठ पीड़ित लोगों का हुआ आधार अपडेट

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आशादीप कुष्ठ कॉलोनी शारदा पारा वार्ड क्रमांक 23 में प्रातः 10:00 से 5:00 तक आधार के लिए शिविर का आयोजन भिलाई निगम के द्वारा किया गया। जिसमें कुष्ठ पीड़ित लोगों का आधार अपडेट किया गया। 10 वर्ष पुराने आधार का अपडेट कराना अत्यंत आवश्यक है। जिसको देखते हुए भिलाई निगम के द्वारा शिविर का आयोजन विभिन्न वार्ड क्षेत्रों में किया जा चुका है। इसी कड़ी में लोगों को सुविधाएं देने के लिए कुष्ठ बस्ती में भी शिविर का आयोजन किया गया। आज के समय में आधार अपडेट कराना अत्यंत आवश्यक है। जरूरी सेवाओं का लाभ लेने के लिए तथा शासकीय योजनाओं में भी आधार कार्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आधार एक पहचान के रूप में भी उपयोग किया जा रहा है। आधार में नाम सुधारवाने, मोबाइल अपडेट करवाने, जन्मतिथि अपडेट कराने तथा पता अपडेट कराने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी कुष्ठ पीड़ित लोगों के आधार अपडेट किए गए। नगर पालिक निगम भिलाई अपील करता है कि आधार अपडेट करवाने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय के अलावा निगम के समस्त जोन कार्यालय जोन क्रमांक एक नेहरू नगर, जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर, जोन क्रमांक 3 मदर टैरेसा नगर, जोन क्रमांक 4 खुर्सीपार तथा जोन क्रमांक 5 सेक्टर 6 कार्यालय में भी आधार कार्ड अपडेट कराया जा सकता है।